दिनांक : 11.02.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :–

- नई दिल्ली में आज से शुरू होगा भारत ऊर्जा सप्ताह, प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल शुभारंभ।
- प्रयागराज महाकुंभ में य़ात्रीयों की बेहतर सुविधा के लिए लगातार काम कर रहा हैं रेल विभाग।
- सिहंस्थ: 2028 का सफल आयोजन, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता कहा- मुख्यमंत्री ने।
- फाईलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया अभियान।

**भारत ऊर्जा सप्ताह**

भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 आज से नई दिल्ली में शुरू होने वाला है। कल नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस चार दिवसीय विशाल कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम मंत्रिस्तरीय और सीईओ की भागीदारी, प्रदर्शनी स्थल और सत्रों की संख्या के मामले में दुनिया भर में दूसरा सबसे बड़ा ऊर्जा कार्यक्रम होगा। श्री पुरी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सफलता को विश्व स्तर पर मॉडल के रूप में पेश किया जाएगा। श्री पुरी ने यह भी बताया कि कनाडा, जर्मनी, जापान, अमेरिका और ब्रिटेन सहित दस देश इस कार्यक्रम में अपना मंडप स्थापित करेंगे।

**महाकुंभ-रेलवे**

प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को माघी पूर्णिमा स्नान से पहले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए भारतीय रेलवे युद्धस्तर पर काम कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इससे पहले प्रयागराज रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान श्री वैष्णव ने भीड़ की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे की तैयारियों पर चर्चा की। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ के लिए शहर के आठ रेलवे स्टेशनों पर विस्तृत व्यवस्था की है।

**पीएम मोदी-फ्रांस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से भेट की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर उन्हें काफी प्रसन्नता हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी पेरिस में ए आई एक्शन शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं। भारत इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित करना और उत्तरदायित्वपूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को बढ़ावा देना है। वे राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बातचीत सहित कई प्रमुख द्विपक्षीय वार्ताओं में भी भाग लेंगे जिनका लक्ष्य भारत और फ्रांस के संबंधों को मजबूत करना है। इस दौरान भारत और फ्रांस के बीच कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है।

**साइबर सुरक्षा**

साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इंदौर में पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान का आयोजन विगत 1 फरवरी से किया जा रहा है इस कार्यक्रम के दौरान आज साइबर सुरक्षा के बारे में पुलिस अधिकारी गांधी हाल एमजी रोड इंदौर में सुबह 11:30 बजे आम जनों से चर्चा करेंगे इस मौके पर साइबर सुरक्षा से जुड़ी पेंटिंग प्रतियोगिता स्लोगन प्रतियोगिता कई प्रतियोगिता और ओपन माइक का आयोजन भी किया जाएगा।

**सिहंस्थ: 2028- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिहंस्थ: 2028 का व्यवस्थित और सफल आयोजन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सिंहस्थ की व्यवस्थाओं का विस्तार उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक होगा, अत: इसमें पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

सिंहस्थ के आयोजन में श्रद्धालुओं के आवागमन की दृष्टि से उज्जैन जनपद विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, इंडस्ट्रियल बेल्ट भी इसी क्षेत्र में विद्यमान है। यह सब बिंदु, क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। पंचायत प्रतिनिधि, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचकोशी यात्रा की व्यवस्था के लिए एक करोड़ रुपए, क्षेत्र के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए तथा उज्जैन जनपद में जिन पंचायतों के भवन नहीं हैं, वहां पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री सम्बोधन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं की बेहतरी के लिए लगातार काम रही है। मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रदेश में प्रत्येक युवा को रोजगार मिले, इसके लिए इन्वेस्टर्स समिट कर उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

**राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल ग्वालियर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक 9 जिलों के 23 चिन्हित विकासखण्डों में प्रशिक्षित दवा सेवकों के माध्यम से बूथ डे एवं घर-घर भ्रमण के द्वारा फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन निःशुल्क कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की है कि वे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के निर्देशानुसार डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन दवाओं का सेवन अवश्य करें और अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

**एयरो इंडिया**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल कर्नाटक के बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2025 में भारत ,आईडीईएक्स और कर्नाटक मंडपों का उद्घाटन किया। भारत मंडप अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से घरेलू रक्षा उद्योगों की डिजाइन, विकास, नवाचार और विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित कर रहा है।

**फो� प्रदर्शनी जागरूकता**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय भोपाल अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय बालाघाट द्वारा विकसित भारत 2045 स्वच्छ भारत सुपोषित भारत पर फोटो प्रदर्शनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएम एक्सीलेंस पीजी कॉलेज सिवनी में आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ विधायक दिनेश राय मुनमुन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना बिसेन ,सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

**भारत भवन**

भोपाल में सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र भारत भवन की 43 वीं वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। समारोह का शुभारंभ 13 फरवरी को होगा और इसका समापन 20 फरवरी को किया जाएगा। इस दौरान भारत भवन में गीत, संगीत, नृत्य ,नाटक, फिल्म सहित विविध प्रस्तुतियां होंगी। इन सभी कार्यक्रमों में श्रोताओं , दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल आज संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में नव निर्मित छात्रावास का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 400 छात्राओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ भी करेंगे।

- केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय द्वारा अखिल भारतीय रुपक महोत्सव का शुभारंभ आज भोपाल के रविन्द्र भवन को होगा। 14 फरवरी तक चलने वाले महोत्सव के दौरान संगीत कार्यक्रम और नाट्य प्रस्तुति भी होगी।
- रीवा जिले में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कल प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों से भेट की और उनके लिए सुविधाओ को बेहतर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- नई दिल्ली में आज से शुरू होगा भारत ऊर्जा सप्ताह, प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल शुभारंभ।
- प्रयागराज महाकुंभ में य़ात्रीयों की बेहतर सुविधा के लिए लगातार काम कर रहा हैं रेल विभाग।
- सिहंस्थ: 2028 का सफल आयोजन, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता कहा- मुख्यमंत्री ने।

**और**

- फाईलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया अभियान।

..................